भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 308
जिसका उत्तर बुधवार, 20 जुलाई, 2016 को दिया जाना है

कैपिटल गुड्स स्कीम से संबंधित प्रतिक्रिया

308. डा. के. वी. पी. रामचन्द्र राव:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय की 'कैपिटल गुड्स स्कीम' को अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आज तक जिन-जिन उद्योगों ने इस योजना के अंतर्गत लाभ उठाए हैं उनका ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): जी, हां।

(ख) और (ग): केपिटल गुड्स स्कीम के विभिन्न घटकों के अतंर्गत विभाग ने अब तक 9 प्रस्तावों को अनुमोदित किया है। ये प्रस्ताव निम्नवत हैं:

क्र.सं.	प्रस्ताव कार्यान्वित करने वाला प्राधिकरण	स्कीम के अंतर्गत अनुमोदित प्रस्ताव	उद्योग क्षेत्र जिनकी स्कीम के अंतर्गत परियोजना से लाभान्वित होने की संभावना है
1.	सेन्ट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नालॉजी इंस्टिट्यूट	उच्च प्रौद्योगिकी शटलरहित करघों का विकास	वस्त्र मशीनरी उद्योग
2.	टेग्मा सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस एंड ट्रेनिंग	डाइज, मोल्ड्स, टूल्स के लिए साझा इंजीनियरिंग सुविधा केन्द्र	मशीन टूल्स, डाइज, मोल्ड्स
3.	उद्योग भागीदारों सहित आईआईटी मद्रास	11 मशीन टूल प्रौद्योगिकियों का विकास	मशीन टूल्स उद्योग
4.	उद्योग भागीदारों सहित पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी	3 वेल्डिंग प्रौद्योगिकियों का विकास	प्रोसेस प्लांट उपकरण और केपिटल गुड्स उद्योग के अन्य सब-सेक्टर
5.	एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड	मशीन टूल्स में कौशल विकास	मशीन टूल्स उद्योग
6.	कर्नाटक सरकार	मशीन टूल पार्क	मशीन टूल्स उद्योग
7.	हेवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन	बेहतरीन प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना	अर्थमूविंग और खनन मशीनरी तथा केपिटल गुड्स के अन्य सब-सेक्टर
8.	एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड	4 गाइडवे सीएनसी लेथ के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन/वैधीकरण/उत्पाद सुधार	मशीन टूल्स उद्योग
9.	एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड	टर्निंग मिल सेन्टर के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन/वैधीकरण/उत्पाद सुधार	मशीन टूल्स उद्योग

****